<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**12 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में तेरह सौ ग्यारह करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा–बिना भेदभाव के हर तबके को शासन की योजनाओं का लाभ दे रही डबल इंजन सरकार।
- मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिन्दू परिवारों को सौंपे भूमिधरी अधिकार पत्र। कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास की संकल्पना के चलते मिला न्याय।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में युद्ध नायकों और वीर नारियों को किया सम्मानित। कहा–सैनिकों का कल्याण जितना जरूरी, युद्ध क्षमता में मजबूती भी उतनी ही अनिवार्य।
- भारत में डिजिटल भुगतान–यू.पी.आई. व्यवस्था के 10 वर्ष हुए पूरे। वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 49 प्रतिशत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखीमपुर खीरी में कुल 13 सौ 11 करोड़ रुपये लागत की 5 सौ 38 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी–पलिया में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2 हजार 350 परिवारों व थारू जनजाति के 4 हजार 356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया। साथ ही पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। श्री योगी ने विभिन्न लाभार्थियों को भी नियुक्ति पत्र, आवास की चाबी व चेक सौंपे। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार ने हर गरीब, गांव, किसान, नौजवान को शासन की योजनाओं का लाभ दिया है।

**पिछले नौ वर्ष में डबल इंजन सरकार ने पूरे प्रदेश के अंदर बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर गांव को, हर गरीब को, हर किसान को, हर नौजवान को देने का कार्य प्रारंभ किया है। पहले जो संकुचित सोच होती थी, तुष्टीकरण की संकुचित सोच से ऊपर उठकर के सरकार ने उसको संतुष्टि करण में बदलने का काम किया है। सबका साथ और सबका विकास उस संतुष्टि करण का आधार है।**

इसके बाद मुख्यमंत्री ने मोहम्मदी में बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिन्दू परिवारों को लखीमपुर खीरी में संक्रमणीय व असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र का वितरण किया और 417 करोड़ रूपए की लागत से लखीमपुर, धौरहरा और मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र की 213 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि विस्थापित परिवारों के अधिकार पत्र मिलने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास की संकल्पना के कारण के ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि विकास का मतलब समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी योजना का लाभ पहुंचाना है।

**विकास का मतलब केवल सड़क पुल बनाना नहीं बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को भी योजना का लाभ प्रदान करना है और यही तो हमारी डबल इंजन की सरकार कर रही है। यहां पर हर गरीब के पास प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है और जिसको नहीं मिला है उसको हम उपलब्ध करवाएंगे। हर घर में शौचालय बना है, हर बस्ती में बिजली पहुंची है। हर घर तक नल पहुंचाने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़े हैं।**

**********

तीन दिवसीय दौरे पर कल लखनऊ पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छावनी स्थित सूर्या प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में युद्ध नायकों और वीर नारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान–इजरायल और अमेरिका के बीच उपजे मौजूदा हालात को देखते हुए हमें हर संसाधन का अधिकतम उपयोग करना होगा। भारत की भौगोलिक सीमाओं की प्रतीकूल परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सैनिकों का कल्याण जितना जरूरी है। युद्ध क्षमता में मजबूती भी उतनी ही अनिवार्य है।

इससे पहले गोमतीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा कि विकास वह है जो विरासत को भी साथ लेकर चले। इस दौरान रक्षा मंत्री ने छात्रों के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में ई–लाइब्रेरी बच्चों और युवाओं की सबसे बड़ी जरूरत है।

**गांव हो या शहर आज हर बच्चा और नौजवान पढ़ना चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है। लेकिन महंगी किताबें खरीदना हर किसी की बस की बात नहीं होती। यह ई–लाइब्रेरी वैसे छात्रों के लिए अथवा अध्यापकायों के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। अब किताबों के लिए इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं है। एक क्लिक पर दुनिया भर का ज्ञान आपके सामने होगा। आप यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन, प्राविंसियल सिविल सेवा, बैंकिंग, रेलवे या फिर किसी भी कंपेटेटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, यहां बैठकर आप मुफ्त में पढ़ाई कर सकेंगे।**

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का भारत न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा कर रहा है, बल्कि मित्र राष्ट्रों को भी सुरक्षा कवच प्रदान कर रहा है। श्री योगी ने 'आपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि जब ब्रम्होस ने दुश्मन पर प्रहार किया तो पूरी दुनिया ने भारत की ताकत को महसूस किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने मध्य कमान युद्ध स्मारक–स्मृतिका पर भव्य लाईट एवं साउंड शो का शुभारंभ भी किया।

**********

भारत में डिजिटल भुगतान–यू.पी.आई. व्यवस्था के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले एक दशक में यह भारतीय भुगतान प्रणाली की रीढ बन गया है। एक रिपोर्ट–

**भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में यूपीआई की शुरुआत की थी। जिसके जरिए भारत में वित्तीय लेनदेन के तरीके में मूल रूप से सरलता आई है। वर्ष 2021 में इस नेटवर्क से 216 बैंक जुड़े थे जो अब बढ़कर जनवरी 2026 तक 691 बैंकों तक पहुंच गए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की लगभग 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे संस्थानों ने भी यूपीआई की व्यापकता, दक्षता और समावेशिता की सराहना की है। यूपीआई अब राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित कई देशों में संचालितहो रहा है। रोहन के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

सरकार ने दोहराया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। कल 51 लाख 50 हजार से ज्यादा सिलेंडर वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई के तहत कल तीन हजार चार सौ से ज्यादा छापे मारे गए। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों ने 214 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 55 वितरकों के लाइसेंस निलंबित कर दिये हैं। एक रिपोर्ट–

**23 मार्च से अब तक छात्रों और प्रवासी मजदूरों को पांच किलोग्राम के 12 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों बिक्री की गई है। उर्वरक संयंत्रों के कुल गैस आवंटन में 5 प्रतिशत की और वृद्धि की जा रही है। मार्च से अब तक लगभग चार लाख पंद्रह हजार पीएनजी कनेक्शन चालू किये गये हैं। करीब चार लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। अब तक 26 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन वापस किए हैं। इस बीच, भारतीय ध्वज वाले पोत जग विक्रम ने होर्मुज जलदृडमरूदृ मध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके 15 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। उधर, समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से लगभग 8 लाख 71 हजार भारतीय वापस आये हैं। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल प्रयागराज में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय, परिसर में नवनिर्मित विभिन्न शैक्षिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत एक आकांक्षी भारत है, जहां हर व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक रिपोर्ट..

**संबोधन के दौरान राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक, नवाचार एवं डिजिटल क्रांति का युग है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। राज्यपाल ने देश में सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत के तकनीकी आत्मविश्वास का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित देवालय का भी दर्शन किया। इसके पश्चात उन्होंने फार्मेसी विभाग, विज्ञान विभाग एवं कृषि विभाग के नव–निर्मित एवं उद्घाटित प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं एवं अन्य शैक्षिक अवसंरचनाओं का निरीक्षण किया। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

**********

प्रदेश की महिला एवं बाल विकासमंत्री बेबी रानी मौर्य ने कल लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की करोड़ों माताओं बहनों के सम्मान का संकल्प है।

**********